# राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़
## भारत सरकार
## पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

पर्यावास भवन, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

ई–मेल : seaccg@gmail.com

विषय:– **राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की दिनांक 25/01/2022 को संपन्न 396वीं बैठक का कार्यवाही विवरण**

----00----

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की 396वीं बैठक दिनांक 25/01/2022 को डॉ. बी.पी. नोन्हारे, अध्यक्ष, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:–

1. डॉ. मनोज कुमार चोपकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
2. श्री किशन सिंह ध्रुव, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
3. डॉ. शैलेश कुमार जाधव, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
4. श्री एन.के. चन्द्राकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
5. श्री कलदियुस तिर्की, सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति

समिति द्वारा एजेण्डा में सम्मिलित विषयों पर निम्नानुसार विचार किया गया:–

एजेन्डा आयटम क्रमांक–1: **395वीं बैठक दिनांक 24/01/2022 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।**

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की 395वीं बैठक दिनांक 24/01/2022 को संपन्न हुई थी। समिति को अवगत कराया गया कि बैठक का कार्यवाही विवरण तैयार किया जा रहा है, जिसे समिति के समक्ष शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त स्थिति से समिति सहमत हुई।

**एजेन्डा आयटम क्रमांक–2:** **औद्योगिक परियोजनाओं एवं गौण/मुख्य खनिजों संबंधी प्रकरणों के प्रस्तुतीकरण उपरांत पर्यावरणीय स्वीकृति / टीओआर/अन्य आवश्यक निर्णय लिया जाना।**

1. **मेसर्स महावीर कोल वॉशरीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–कन्हाईबंद, तहसील–जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1142)**

**ऑनलाईन आवेदन** – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ सीएमआईएन/ 50065/ 2020, दिनांक 22/01/2020 द्वारा टी.ओ.आर हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /सीएमआईएन/67231/2020, दिनांक 03/09/2021 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है।

**प्रस्ताव का विवरण** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम–कन्हाईबंद, तहसील–जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा स्थित खसरा क्रमांक 55/1, कुल क्षेत्रफल–6.98 हेक्टेयर (17.26 एकड़) में प्रस्तावित कोल वॉशरी क्षमता–0.99 मिलियन टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। परियोजना का विनियोग रुपये 22 करोड़ होगी।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 13/05/2020 द्वारा प्रकरण बी–1 केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ईआईए/ईएमपी रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ईआईए नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 2(ए) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) कोल वॉशरी क्षमता–0.99 मिलियन टन प्रतिवर्ष वेट टाईप हेतु टीओआर जारी किया गया है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 18/01/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**बैठक का विवरण –**

**(अ) समिति की 396वीं बैठक दिनांक 25/01/2022:**

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री विशाल कुमार जैन, डायरेक्टर एवं पर्यावरण सलाहकार मेसर्स आईएनडी टेक हाउस कन्सलट, दिल्ली की ओर से श्री जे.के. मोईत्रा, ई.आई.ए. को–आर्डिनेटर उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. **निकटतम स्थित क्रियाकलापों संबंधी जानकारी –**
    - निकटतम आबादी ग्राम–कन्हईबंध 1.6 कि.मी., स्कूल एवं अस्पताल नैला 3 कि. मी. की दूरी पर स्थित है। निकटतम रेलवे स्टेशन नैला 2.5 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। हसदेव नदी 9.5 कि.मी. की दूरी पर है।
    - परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड क्षेत्र, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – परियोजना स्थापना के संबंध में ग्राम पंचायत कन्हईबंध का दिनांक 25/04/2016 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

3. **भूमि स्वामित्व** – यह शासकीय भूमि है। भूमि खसरा क्रमांक 55/1 का भाग का बटांकन पश्चात् खसरा क्रमांक 55/10 रकबा 6.709 हेक्टेयर एवं खसरा क्रमांक 55/11 रकबा 0.275 हेक्टेयर, इस प्रकार कुल रकबा 6.984 हेक्टेयर को सी.एस.आई.डी.सी. के ज्ञापन पृ. क्रमांक सीएसआईडीसी/भू–अर्जन/21/11163 रायपुर, दिनांक 21/12/2021 द्वारा मेसर्स महावीर कोल वॉशरीज प्राईवेट लिमिटेड को आधिपत्य सौंपी गई है।

4. लेण्ड एरिया स्टेटमेंट –

| S.No. | Description | Area (acres) | Percentage (%) |
|---|---|---|---|
| 1. | Washery Plant | 3.452 | 20 |
| 2. | Raw Coal, Stock Yard, Clean Coal & Rejcts | 3.452 | 20 |
| 3. | Other Facilities (Internal Roads, WTP, Staff Quarters, etc.) | 2.589 | 15 |
| 4. | Plantation | 7.767 | 45 |
| **Total** | | **17.26** | **100** |

5. **रॉ–मटेरियल** – रॉ–कोल 0.99 मिलियन टन प्रतिवर्ष उपयोग किया जाएगा। वाश्ड कोल 0.792 मिलियन टन प्रतिवर्ष एवं रिजेक्ट्स कोल 0.198 मिलियन टन प्रतिवर्ष उत्पन्न होगा। रॉ–कोल एस.ई.सी.एल. कोरबा के खदानों दीपका, गेवरा एवं कुसमुंडा से आपूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। खदान से वॉशरी तक रॉ–कोल का परिवहन सड़क मार्ग से ढंके हुये वाहनों द्वारा किया जाएगा। वॉशरी से वाश्ड कोल का 30 प्रतिशत परिवहन सड़क मार्ग से ढंके हुये वाहनों एवं 70 प्रतिशत रेलमार्ग द्वारा किया जाएगा। रिजेक्ट का परिवहन सडक मार्ग से ढंके हुये वाहनों द्वारा किया जाएगा। परिसर के भीतर विल वॉशिंग की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है।

6. **वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – कोल क्रशर इकाई, रोटरी ब्रेकर एवं स्क्रीन हाऊस में डस्ट एक्स्ट्रेक्शन सिस्टम के साथ बेग फिल्टर की स्थापना की जाएगी, जिससे उत्सर्जन की मात्रा 30 मिलिग्राम प्रति सामान्य घनमीटर से कम होगी। सभी कोल कन्व्हेयर बेल्ट्स एवं जंक्शन प्वाईट्स को ढंका जाकर अतिरिक्त बेग फिल्टर से संलग्न कर चिमनी से जोड़ा जाना प्रस्तावित है। परिसर के चारों ओर कम से कम 3 मीटर ऊँची बाउण्ड्री वॉल का निर्माण एवं रेन गन के साथ ऊँची स्क्रीन स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही डस्ट सप्रेशन / फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु परिसर के भीतर एवं पहुंच मार्ग में जल छिड़काव की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही निम्न अतिरिक्त उपाय किए जायेंगे:–

   I. उद्योग द्वारा कोल क्रशर इकाई, रोटरी ब्रेकर एवं स्क्रीन हाऊस जैसे धुल उत्सर्जक इकाईयों की दूरी समीपस्थ रेल मार्ग से कम से कम 342 मीटर रखी जायेगी।

II. उद्योग द्वारा परिसर के 45 प्रतिशत क्षेत्र में सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके तहत् चारों तरफ कम से कम 20 मीटर हरित पट्टी का विकास किया जाना प्रस्तावित है।

III. उद्योग द्वारा प्रस्तावित वॉशरी की पश्चिम दिशा एवं रेलवे लाईन की तरफ कम से कम 25 मीटर ऊंचाई प्राप्त कर सकने वाली वृक्ष प्रजातियों का सघन वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित है।

IV. उद्योग द्वारा पश्चिम दिशा में 3 मीटर ऊँची बाउण्ड्रीवाल एवं इसके ऊपर 3 मीटर उंची स्कीन विंड वॉल के साथ रेन गन लगाया जायेगा। साथ ही मुंबई–हावड़ा रेल मार्ग की ओर कम से कम 4 मीटर ऊँची बाउण्ड्रीवाल एवं इसके ऊपर 3 मीटर उंची स्क्रीन विंड वॉल के साथ रेन गन लगाया जायेगा

V. रॉ–कोल अनलोडिंग स्टॉक यार्ड एवं प्रत्येक ट्रान्सफर प्वाईंट पर डस्ट सप्रेशन हेतु रेन गन लगाया जाएगा।

VI. उद्योग द्वारा संपूर्ण आंतरिक मार्गों का पक्कीकरण किया जायेगा। आंतरिक मार्गों की सफाई एवं जल छिड़काव नियमित रूप से किया जाएगा।

VII. कोयले का परिवहन तारपोलिन से ढ़क कर एवं सील लगे हुये वाहनों द्वारा किया जाएगा।

7. **ठोस अपशिष्ट अपवहन व्यवस्था** – वॉशरी रिजेक्ट्स लगभग 0.198 मिलियन टन प्रतिवर्ष उत्पन्न होगा। कोल वाशरी से उत्पन्न रिजेक्ट्स को कव्हर्ड ट्रकों के माध्यम से समीपस्थ इकाई को उपलब्ध कराया जाएगा।

8. **जल प्रबंधन व्यवस्था** –

- **जल खपत एवं स्त्रोत** – घरेलू उपयोग हेतु 30 घनमीटर प्रतिदिन, डस्ट सप्रेशन हेतु 20 घनमीटर प्रतिदिन एवं वॉशरी हेतु 3,880 घनमीटर प्रतिदिन जल की खपत होगी। वॉशरी से उत्पन्न दूषित जल 3,680 घनमीटर प्रतिदिन को सेटलिंग पॉण्ड एवं बेल्ट प्रेस से उपचार उपरांत पुनः उपयोग किया जाएगा। इस प्रकार कुल फ्रेश वॉटर की आवश्यकता 250 घनमीटर प्रतिदिन होगी, जिसकी आपूर्ति भू–जल से की जाएगी। परियोजना हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से 250 घनमीटर प्रतिदिन के लिए दिनांक 03/09/2021 से 02/09/2024 तक अनुमति प्राप्त की गई है।

- **जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – हैवी मीडिया सायक्लोन आधारित वेट कोल वॉशरी स्थापित किया जाएगा। क्लोज्ड लूप वॉटर सिस्टम व्यवस्था की जाएगी। प्रक्रिया से उत्पन्न दूषित जल के उपचार हेतु थिकनर, बेल्ट प्रेस एवं सेटलिंग पॉण्ड की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है। औद्योगिक प्रक्रिया से उत्पन्न दूषित जल को उपरोक्तानुसार उपचार उपरांत पुनः प्रक्रिया में, डस्ट सप्रेशन में तथा परिसर के भीतर वृक्षारोपण में उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु सीवेज ट्रिटमेंट प्लांट क्षमता 30 घनमीटर प्रतिदिन की स्थापना की जाएगी। शून्य निस्सारण की स्थिति रखी जाएगी।

- **भू–जल उपयोग प्रबंधन** – परियोजना स्थल सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के अनुसार सेफ जोन में आता है। जिसके अनुसार–

  (अ) वृहद एवं मध्यम उद्योगों को कम से कम 40 प्रतिशत दूषित जल का पुनःचक्रण एवं पुनःउपयोग किया जाना है।

(ब) ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज हेतु अपनाई गई तकनीक यथा रेनवाटर हार्वेस्टिंग / ऑर्टिफिशियल जल रिचार्ज के आधार पर भू-जल निकाले जाने की अनुमति सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड द्वारा दिये जाने का प्रावधान है। अतः उद्योग को रेनवाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था किया जाना आवश्यक है।

9. **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था** – उद्योग परिसर में वर्षा जल का कुल रनऑफ 20,469 घनमीटर है। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के अंतर्गत 2 तालाब 18,720 घनमीटर (लंबाई 40 मीटर, चौड़ाई 40 मीटर, गहराई 10 मीटर) क्षमता का निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था पश्चात् परिसर के पूर्ण रनऑफ को रिचार्ज किया जा सकेगा। सभी रिचार्ज स्ट्रक्चर्स इस प्रकार निर्मित किए जाएगें कि इनमें समान मात्रा में वर्षा जल का बहाव हो सके।
10. **विद्युत खपत एवं स्त्रोत** – परियोजना हेतु 1,500 के.व्ही.ए. विद्युत की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी से की जाएगी। वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 500 के.व्ही.ए. का डी.जी. सेट स्थापित किया जाएगा। डी.जी. सेट को एकॉस्टिक इंक्लोजर में स्थापित किया जाएगा एवं सीपीसीबी द्वारा निर्धारित ऊंचाई (10 मीटर) की चिमनी संलग्न की जाएगी।
11. **वृक्षारोपण की स्थिति** – कुल क्षेत्रफल में से 7.767 एकड़ (45 प्रतिशत) में 600 नग प्रति एकड़ पौधों का विकास किया जाना प्रस्तावित है। चारों तरफ कम से कम 20 मीटर एवं 3 लेयर (प्रथम लेयर में अमलतास, करंज, सतवान आदि, द्वितीय लेयर में पेल्टाफार्म, नीम, गुलमोहर आदि तथा तृतीय लेयर में नीलगिरी, सिल्वर ओक आदि) में हरित पट्टी का विकास किया जाना प्रस्तावित है। मुंबई-हावड़ा रेल लाईन की तरफ कम से कम 40 मीटर की चौडी सीमा पट्टी में वृक्षारोपण कार्य किया जाएगा।
12. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषण:-**
    i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – मॉनिटरिंग कार्य 1 अक्टूबर, 2020 से 31 दिसम्बर, 2020 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 8 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर भू-जल गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 8 स्थलों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 8 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।
    ii. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पी.एम.$_{2.5}$ 20.5 से 36.3 माईक्रोग्राम/घनमीटर, पी.एम.$_{10}$ 33.0 से 47.9 माईक्रोग्राम/घनमीटर, एसओ$_2$ 4.5 से 10.4 माईक्रोग्राम/घनमीटर तथा एनओ$_2$ 9.1 से 18.3 माईक्रोग्राम/घनमीटर पाई गई है। जो उक्त क्षेत्र के निर्धारित मानक के अनुरूप है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा परिवेशीय वायु में जी.एल.सी. (GLC) की गणना कर जानकारी प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार परियोजना के प्रारंभ होने के उपरांत पी.एम. की मात्रा 1.8 माईक्रोग्राम/घनमीटर की वृद्धि एवं एन.ओ.$_{एक्स}$ की मात्रा 7.9 माईक्रोग्राम/घनमीटर की वृद्धि होगी।
    iii. परियोजना स्थल के आसपास जल स्त्रोतों की गुणवत्ता भारतीय मानक के अनुसार है।
    iv. परिवेशीय ध्वनि स्तर (Day time) 50.6 डीबीए से 52.0 डीबीए एवं ध्वनि स्तर (Night time) 39.4 डीबीए से 41.2 डीबीए पाया गया। जो उक्त क्षेत्र के निर्धारित मानक के अनुरूप है।

v. भारी वाहनों / मल्टीएक्शल हैवी वाहनों को समाहित करते हुये ट्रैफिक अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार वर्तमान में 1955 पी.सी.यू. प्रतिदिन है। प्रस्तावित परियोजना उपरांत 2,955 पी.सी.यू. प्रतिदिन होगी। विस्तार के उपरांत भी रॉ–मटेरियल / प्रोडक्ट्स के परिवहन हेतु सड़क मार्ग की लोड कैरिंग क्षमता निर्धारित मानक के भीतर है।

13. लोक सुनवाई दिनांक 18/08/2021 प्रातः 10:30 बजे, स्थान – शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्हाईबंद/आदर्श प्राथमिक शाला कन्हाईबंद, ग्राम–कन्हाईबंद, तहसील–जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा में संपन्न हुई। लोक सुनवाई दस्तावेज सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के पत्र दिनांक 02/09/2021 द्वारा प्रेषित किया गया है।

14. **जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव/विचार प्रस्तुत किये गये हैं:–**

i. प्रस्तावित कोल वॉशरी स्थल आवासीय स्थल से लगा हुआ है, जिससे वॉशरी का विषैला धूल व धुआं घरों में प्रवेश करेगा, जिससे गांव के लोग गंभीर बिमारियों से ग्रसित होगें। साथ ही सिंचित दो फसली कृषि भूमि बंजर हो जायेगें।

ii. प्रस्तावित कोल वॉशरी हेतु वाहनों के आवागमन से रास्ते में स्कूल स्थित है, जिनके लिए मध्यान्ह भोजन तैयार किया जाता है, जो कि कोयले की डस्ट के कारण से प्रदूषित हो जायेंगे, जिससे छात्र–छात्राओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा प्रभावित होगी।

iii. गांव के तालाब में मछली पालन किया जाता है। अतः प्रदूषण के कारण से मछली मर जायेंगे एवं आस–पास के प्रदूषित पानी से खेत के फसल नष्ट हो जायेंगे।

**लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावक की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि/कंसलटेंट का कथन निम्नानुसार है:–**

i. प्रस्तावित कोल वॉशरी आवासीय स्थल से लगभग 2 कि.मी. दूर है, वॉशरी वेट टाईप प्रोसेस पर आधारित होने के कारण कोई भी विषैला धूल व धुआं उत्पन्न नहीं होगा। परिसर के चारों ओर 3 मीटर ऊँची बाउण्ड्री वॉल का निर्माण एवं रेन गन के साथ ऊँची स्क्रीन स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही डस्ट सप्रेशन / फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु परिसर के भीतर एवं पहुंच मार्ग में जल छिड़काव की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है।

ii. प्रस्तावित कोल वॉशरी स्कूल परिसर से 250 मीटर से 300 मीटर की दूरी पर है। स्कूल के मुख्य मार्ग से प्रस्तावित कोल वाशरी के भारी वाहनों का आवागमन नहीं होगा। वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल छिड़काव की व्यवस्था की जाएगी।

iii. उद्योग में शून्य निस्सारण की स्थिति रखी जाएगी। साथ ही उद्योग परिसर के बाहर जल का निस्तारण नहीं किया जाएगा। चूंकि औद्योगिक प्रक्रिया से उत्पन्न दूषित जल को उपचार उपरांत पुनः प्रक्रिया में उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। अतः शून्य निस्सारण की स्थिति रखी जाएगी।

15. सरपंच, ग्राम पंचायत कन्हाईबंद, बनारी, सिवनी, जर्वे, बोडसरा के जन प्रतिनिधियों द्वारा लोक सुनवाई के दौरान पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान नहीं करने के संबंध में आपत्ति जताये जाने हेतु दिनांक 24/09/2021 को पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार "दिनांक 18/08/2021 को ग्राम कन्हाईबंद में आयोजित लोक सुनवाई में ग्राम कन्हाईबंद में जन प्रतिनिधि आम जनता एवं ग्राम कन्हाईबंद से लगे ग्राम बनारी, सिवनी, जर्वे, बोडसरा के जन प्रतिनिधि एवं आम जनता को लोक सुनवाई के लिए आमंत्रित किया गया था, जिसमें समस्त जन प्रतिनिधिगण ने मौखिक एवं लिखित में पर्यावरणीय स्वीकृति पर आपत्ति प्रस्तुत किया है। साथ ही साथ जिला पंचायत प्रतिनिधि, जनपद पचायत प्रतिनिधि एव क्षेत्रीय प्रतिनिधिगण ने भी आपत्ति प्रस्तुत किये है।" आवेदन दिनांक 24/09/2021 के संदर्भ में समिति द्वारा विचार करते हुये यह पाया गया कि लोक सुनवाई दिनांक 18/08/2021 को ग्रामीणों द्वारा ऊठाई गई आपत्तियों को संज्ञान में लिया जा चुका है।

16. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

| Capital Investment (in Lakh Rupees) | Percentage of Capital Investment to be Spent | Amount for CER Activities (in Lakh Rupees) | Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Particulars | CER Fund Allocation (in Lakh Rupees) |
| 2200 | 2% | 44 | Following activities at nearby Government 11 Schools as per proposal | |
| | | | Rain Water Harvesting System | 34.00 |
| | | | Potable Drinking water Facility with 5 year AMC | 3.85 |
| | | | Running water facility for Toilets | 2.58 |
| | | | Plantation with fencing | 3.57 |
| | | | Total | **44.00** |

प्रस्तावित कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.) का कार्य (1) शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम–कन्हाईबंद, (2) शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम–ओराईकला, (3) शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम–मदवा, (4) शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम–जरवे, (5) शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राम–सरखो, (6) शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम–जावलपुर, (7) शासकीय प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राम–बोडसरा, (8) शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम–बनारी, (9) शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राम–हरदी, (10) शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राम–सिवनी एवं (11) शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम–पाली में किया जाएगा।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर **समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से** मेसर्स महावीर कोल वॉशरीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–कन्हाईबंद, तहसील–जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा स्थित खसरा क्रमांक 55/1 (बटांकन पश्चात् खसरा क्रमांक 55/10 एवं खसरा क्रमांक 55/11), कुल क्षेत्रफल – 6.98 हेक्टेयर (17.26 एकड़) में प्रस्तावित रॉ–कोल वॉशरी क्षमता–0.99 मिलियन टन प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–01** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

**2. मेसर्स हाई टेक सुपर सीमेंट एण्ड स्टील प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–बिल्हा व मोहभट्‌टा, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1373)**

**ऑनलाईन आवेदन** – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /आईएनडी / 169019/2020, दिनांक 20/08/2020 द्वारा राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /आईएनडी / 226873/2021, दिनांक 30/08/2021 को पर्यावरणीय स्वीकृति में संशोधन हेतु आवेदन किया गया है।

**प्रस्ताव का विवरण** – उद्योग ग्राम–बिल्हा व मोहभट्‌टा, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर स्थित खसरा क्रमांक 302/1/के, 302/1/जी, 322, 323, 324, 325, 326, 327/2 एवं 17(पार्ट), कुल क्षेत्रफल – 7.22 एकड़ में सीमेंट ग्राईंडिग यूनिट क्षमता–1,000 (5 गुणा 200 टन) टन प्रतिदिन के स्थान पर सीमेंट ग्राईंडिग यूनिट क्षमता–1,000 (2 गुणा 500 टन) टन प्रतिदिन में संशोधन बाबत् आवेदन किया गया है।

पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 29/05/2021 को मेसर्स हाई टेक सुपर सीमेंट एण्ड स्टील प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–बिल्हा व मोहभट्‌टा, तहसील–बिल्हा, जिला–बिलासपुर स्थित खसरा क्रमांक 302/1/के, 302/1/जी, 322, 323, 324, 325, 326, 327/2 एवं 17(पार्ट), कुल क्षेत्रफल – 7.22 एकड़ में सीमेंट ग्राईंडिग यूनिट क्षमता–1,000 (5 गुणा 200 टन) टन प्रतिदिन हेतु जारी की गई है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 18/01/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**बैठक का विवरण –**

**(अ) समिति की 396वीं बैठक दिनांक 25/01/2022:**

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री विनित अग्रवाल, डायरेक्टर उपस्थित हुए। समिति के समक्ष परियोजना प्रस्तावक द्वारा अनुरोध किया गया कि समिति के समक्ष अपूर्ण जानकारी / दस्तावेज होने के कारणों से आज बैठक में प्रस्तुतीकरण दिया जाना संभव नहीं है। अतः उक्त आवेदन समिति की आगामी बैठक में विचार किया जाए। समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक के अनुरोध को मान्य किया गया।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया** कि परियोजना प्रस्तावक को समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज के साथ आयोजित आगामी माह के बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु निर्देशित किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

3. **मेसर्स गोपाल स्पंज एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–सिलतरा, फेज–II, सिलतरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, तहसील व जिला–रायपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1795)**

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी/ 227312/ 2021, दिनांक 01/09/2021।

**प्रस्ताव का विवरण** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तावित कार्यकलाप के तहत् ग्राम–सिलतरा, फेज–II, सिलतरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, तहसील व जिला–रायपुर स्थित खसरा क्रमांक 381/1, 381/2, 382, 392/1, 383/1, 383/3, 383/4, 383/5 एवं 392/7, में इण्डक्शन फर्नेस क्षमता – 30,000 टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 59,904 टन प्रतिवर्ष एवं न्यू हॉट चार्ज आधारित रोलिंग मिल क्षमता – 58,160 टन प्रतिवर्ष करने के पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु आवेदन किया गया है। प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत परियोजना की विनियोग रुपये 14 करोड़ होगी।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 18/01/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**बैठक का विवरण** –

**(अ) समिति की 396वीं बैठक दिनांक 25/01/2022:**

प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। परियोजना प्रस्तावक द्वारा पत्र दिनांक 25/01/2022 द्वारा सूचना दी गयी है कि अपरिहार्य कारणों (कोविड–19 पॉजिटिव होने के कारण) से समिति के समक्ष बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित होना संभव नहीं है। अतः आगामी माह के आयोजित बैठक में समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है। जिसे समिति द्वारा मान्य किया गया।

**समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था** कि परियोजना प्रस्तावक को आगामी माह के आयोजित बैठक में पूर्व में चाही गई वांछित जानकारी एवं समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

4. **मेसर्स विनायक आयरन एण्ड स्टील इंडस्ट्रीज, ग्राम–पाली, तहसील व जिला–रायगढ़ (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1746)**

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी/ 65904/ 2021, दिनांक 22/07/2021। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 30/07/2021 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 01/09/2021 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

**प्रस्ताव का विवरण** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम–पाली, तहसील व जिला–रायगढ़ स्थित खसरा क्रमांक 26/2, 29/1, 29/3, 29/4 एवं 29/5, कुल क्षेत्रफल – 5.53 हेक्टेयर (13.67 एकड़) में डीआरआई प्लांट (स्पंज आयरन) क्षमता – 62,700 टन प्रतिवर्ष (95 टन प्रतिदिन गुणा 2 नग), डब्ल्यूएचआरबी आधारित पॉवर प्लांट क्षमता – 6 मेगावॉट (13.5 टन प्रतिघंटा गुणा 2 नग) एवं एफबीसी आधारित पॉवर प्लांट क्षमता – 8 मेगावॉट (36 टन प्रतिघंटा गुणा 1 नग) की स्थापना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। परियोजना की कुल लागत 110 करोड़ होगी।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 18/01/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**बैठक का विवरण –**

**(अ) समिति की 396वीं बैठक दिनांक 25/01/2022:**

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री सुरेश कुमार अग्रवाल, पार्टनर एवं पर्यावरण सलाहकार मेसर्स पायोनियर इन्वायरो लेबोरट्रीज एण्ड कन्सलटेन्ट प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद की ओर से श्री सुधीर सिंह उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गईः–

1. **निकटतम स्थित क्रियाकलापों संबंधी जानकारी –**

- निकटतम आबादी ग्राम–सरायपाली 0.15 कि.मी., ग्राम–पाली 0.55 कि.मी. एवं ग्राम–गेरवानी 0.1 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। निकटतम रेल्वे स्टेशन किरोड़ीमल नगर 20 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राज्यमार्ग 2.8 कि.मी. दूर है। केलो नदी 2.5 कि.मी. दूर है। उर्दना आरक्षित वन 0.8 कि.मी. दूर है।

- परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 किलोमीटर की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

- तराईमल आरक्षित वन, उर्दना आरक्षित वन, पाझर आरक्षित वन, खरिडुंगरी आरक्षित वन, खेराडुंगरी आरक्षित वन, डुंगापानी आरक्षित वन, लाखा आरक्षित वन, बरकाछार आरक्षित वन, पूंजीपथरा आरक्षित वन 10 कि.मी. की परिधि में आते है।

- परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया गया कि उद्योग परिसर के 15 कि.मी. के अंतर्गत यहां पर हाथियों की आवाजाही देखी गई है। समिति का मत है कि हाथियों के संरक्षण हेतु संरक्षण प्लान को ई.आई.ए. में समावेश किया जाना आवश्यक है।

2. **लेण्ड एरिया स्टेटमेंट –**

| S.No. | Land use | Area (in Ha.) |
|---|---|---|
| 1. | Plant Area | 1.20 |
| 2. | Raw Material Storage yard | 0.50 |
| 3. | Product Storage yard | 0.40 |
| 4. | Solid Waste Storage yard | 0.30 |
| 5. | Internal Roads | 0.50 |
| 6. | Greenbelt Area | 1.83 |

| | | |
|---|---|---|
| 7. | Water Reservoir and RWH | 0.10 |
| 8. | Parking Area | 0.70 |
| | **Total** | **5.53** |

3. **भू–स्वामित्व** – भूमि मैसर्स विनायक आयरन एण्ड स्टील इंडस्ट्रीज के नाम पर है।

4. **रॉ–मटेरियल** –

| S.No. | Raw Material | | Quantity (In TPA) | Sources | Mode of Transport |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **DRI Kiln (Sponge Iron) - 62,700 TPA** | | | | |
| a) | Iron ore | | 1,00,320 | Barbil, Odisha NMDC, CG | By Rail & Road (Through Covered Trucks) |
| b) | Coal | Indian | 81,510 | SECL CG / MCL Odisha | By Rail & Road (Through Covered Trucks) |
| | | Imported | 52,166 | Indonesia / South Africa / Australia | Through Sea Route, Rail & Road |
| c) | Dolomite | | 3,135 | Raigarh | By Road (Through Covered Trucks) |
| 2. | **FBC Boiler (Power Generation) - 8 MW** | | | | |
| a) | Indian Coal | | 53,460 | SECL CG / MCL Odisha | By Rail & Road (Through Covered Trucks) |
| | **OR** | | | | |
| b) | Imported Coal | | 34,268 | Indonesia / South Africa / Australia | Through Sea Route / Rail / Road |
| | **OR** | | | | |
| c) | Dolochar | | 18,180 | In Plant Generation | Through Covered Conveyors |
| | Indian Coal | | 44,055 | SECL CG / MCL Odisha | By Rail & Road (Through Covered Trucks) |
| | **OR** | | | | |
| d) | Dolochar | | 18,180 | In Plant Generation | Through Covered Conveyors |
| | Imported Coal | | 24,863 | Indonesia / South Africa / Australia | Through Sea Route / Rail / Road |

5. **प्रस्तावित इकाईयों संबंधी जानकारी** –

| S. No. | Unit (Product) | | Capacity |
|---|---|---|---|
| 1. | DRI Plants (Sponge Iron) | | 2 x 95 TPD (62,700 TPA) |
| 2. | Power Plant (electricity) | WHRB Based | 6 MW (2 x 13.5 TPH) |
| | | FBC Based | 8 MW (1 x 36 TPH) |

**वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – परियोजना हेतु डीआरआई किल्न के साथ डब्ल्यु एचआरबी आधारित पॉवर प्लांट में वायु प्रदुषण नियंत्रण हेतु एलेक्ट्रो स्टेटिक प्रेसिपिटेटर (ESP) स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। एफबीसी बॉयलर में वायु प्रदुषण नियंत्रण हेतु एलेक्ट्रो स्टेटिक प्रेसिपिटेटर (ESP) स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। चिमनी से पार्टिकुलेट मेटर का उत्सर्जन 30

मिलिग्राम/सामान्य घनमीटर रखा जाना प्रस्तावित है। एस.ओ.2 की उत्सर्जन की मात्रा में कमी लाने हेतु स्टैक इनलेट के पहले लाईम डोसिंग इकाई स्थापित की जाएगी। एन.ओ.एक्स (NOx) बर्नर में कमी हेतु तीन स्तरीय कम्बशन, फ्लू गैस रिसरक्युलेशन एवं ऑटो कम्बशन कंट्रोल व्यवस्था का उपयोग किया जाएगा। समिति का मत है कि उक्त हेतु चिमनी की उचाई की गणना का उल्लेख ईआईए में समावेश किया जाना आवश्यक है। साथ ही सभी ट्रांसफर पाइंट, क्रशिंग ईकाई आदि में ड्राई फौगिंग सिस्टम के साथ बैग फिल्टर लगाया जाना प्रस्तावित हैं।

6. **ठोस अपशिष्ट अपवहन व्यवस्था –**

| Waste | Quantity (In TPA) | Disposal |
|---|---|---|
| Ash from DRI | 11,286 | Will be given to brick manufacturers |
| Dolochar | 18,180 | Will be used in FBC power plant as fuel |
| Kiln Accretion Slag | 564 | Will be used in road construction and given to brick manufacturer |
| Wet Scrapper Sludge | 2,884 | Will be used in road construction and given to brick manufacturer |
| Ash from power plant (with Indian coal + dolochar) | 31,110 | Ash generated is being given to cement Plants / brick Manufacturers |

7. **जल प्रबंधन व्यवस्था –**

- **जल खपत एवं स्त्रोत** – परियोजना हेतु कुल 340 घनमीटर जल प्रतिदिन {डीआरआई किल्न में 50 घनमीटर प्रतिदिन, पॉवर प्लांट में 280 घनमीटर प्रतिदिन (कुलिंग टॉवर मेकअप में 135 घनमीटर प्रतिदिन, बॉयलर मेकअप में 101 घनमीटर प्रतिदिन एवं डीएम रिजनरेशन में 44 घनमीटर प्रतिदिन) एवं घरेलू उपयोग हेतु 10 घनमीटर प्रतिदिन} का उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। परियोजना हेतु जल की आपूर्ति सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से किया जाना प्रस्तावित है।
- **जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – औद्योगिक प्रक्रिया से दूषित जल उत्पन्न होगा। डीआरआई किल्न से उत्पन्न जल को ठंडा कर पुनः कूलिंग (Closed circuit cooling system) हेतु उपयोग में लाया जाएगा। प्रस्तावित पॉवर प्लांट से दूषित जल की मात्रा 114 घनमीटर प्रतिदिन {पॉवर प्लांट से 106 घनमीटर प्रतिदिन (कुलिंग टॉवर ब्लोडाउन से 34 घनमीटर प्रतिदिन, बॉयलर ब्लोडाउन से 28 घनमीटर प्रतिदिन एवं डीएम रिजनरेशन से 44 घनमीटर प्रतिदिन) एवं सेनेट्री उपयोग से 8 घनमीटर प्रतिदिन} होगा। प्रस्तावित पॉवर प्लांट से दूषित जल के उपचार हेतु ई.टी.पी.(न्यूट्रिलाईजेशन सिस्टम) स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। घरेलु दूषित जल के उपचार हेतु सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना प्रस्तावित है। शून्य निस्सारण की स्थिति रखी जाएगी।
- **भू–जल उपयोग प्रबंधन** – परियोजना स्थल सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के अनुसार सेफ जोन में आता है। जिसके अनुसार–

(अ) वृहद एवं मध्यम उद्योगों को कम से कम 40 प्रतिशत दूषित जल का पुनःचक्रण एवं पुनःउपयोग किया जाना है।

(ब) ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज हेतु अपनाई गई तकनीक यथा रेनवाटर हार्वेस्टिंग / ऑर्टिफिशियल जल रिचार्ज के आधार पर भू–जल निकाले जाने की अनुमति सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड द्वारा दिये जाने का प्रावधान है। अतः उद्योग को रेनवाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था किया जाना आवश्यक है।

- **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था** – रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था की विस्तृत विवरण/जानकारी ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।

8. **विद्युत आपूर्ति स्त्रोत** – परियोजना हेतु 2.4 मेगावॉट विद्युत की आवश्यकता होगी। कन्सट्रक्शन फेज के दौरान विद्युत की आपूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से की जाएगी। प्रस्तावित कार्यकलाप के दौरान विद्युत की आपूर्ति केप्टिव प्लांट क्षमता 14 मेगावॉट (एफबीसी आधारित 8 मेगावॉट एवं डब्ल्यूएचआरबी आधारित 6 मेगावॉट) से की जाएगी।

9. **वृक्षारोपण संबंधी जानकारी** – प्रस्तावित परियोजना से हरित पट्टिका के विकास हेतु कुल क्षेत्रफल 1.83 हेक्टेयर (33 प्रतिशत) क्षेत्र में पौधे रोपित किया जाना प्रस्तावित है।

10. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया गया कि ई.आई.ए. रिपोर्ट तैयार किये जाने हेतु बेसलाईन डाटा कलेक्शन का कार्य 15 अक्टूबर, 2021 से 15 जनवरी, 2022 मध्य किया गया। उक्त की सूचना दिनांक 23/10/2021 को प्रेषित की गई है।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर **समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से** प्रकरण बी–1 केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 1(डी) थर्मल पॉवर प्लांट्स एवं श्रेणी 3(ए) मेटालर्जिकल इण्डस्ट्रीज (फेरस एण्ड नॉन–फेरस) हेतु स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) निम्न अतिरिक्त बिन्दुओं सहित जारी किए जाने की अनुशंसा की गई:–

i. Project proponent shall submit the certificate from forest department for nearest distance between forest boundary of RF and PF, orange area and also submit a certificate from DFO Raigarh.
ii. Project proponent shall submit the certificate from mining department for nearest distance between plant premises to nearest habitation.
iii. Project proponent shall submit the certificate from EE/ SDO PWD regarding distance between project site and nearest villages.
iv. Project proponent shall submit the certificate from concerned SDM regarding distance between project site and nearest villages.
v. Project proponent shall submit the details of ETP process flow chart along with drawing and design.
vi. Project proponent shall submit details of water balance chart & STP flow chart with process and proposal for maintaining zero discharge condition.

vii. Project proponent shall submit the details of stack height calculation.

viii. Project proponent shall submit the detailed calculation of pollution load (PM, $SO_X$, $NO_X$) of existing & proposed unit.

ix. Project proponent shall submit NOC from CGWA for withdrawal of ground water.

x. Project proponent shall submit the detail proposal of plantation incorporating the plant cost, fertilizer cost, maintainace cost and irrigation cost.

xi. Project proponent shall submit the certificate land document P-II khasra from revenue department duly certified by SDM/Tehsildar in original.

xii. Project proponent shall submit the details of altenative sites (if possible) and compare with each other.

xiii. Project proponent shall submit the copy of panchnama and photographs of every monitoring stations.

xiv. Project proponent shall submit calculation regarding total storm water received in the premises, potential of rain water harvesting and quantity to be harvested along with details of proposed structures in EIA report.

xv. As elephant movement exist within the proposed premises, project proponent shall submit approved wildlife conservation plan from DFO Raigarh/forest department.

xvi. Project proponent shall submit CER proposals with details of works alongwith their estimates including land cost.

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

5. **मेसर्स मांजा आर्डिनरी स्टोन माईन (प्रो.–श्री शुभम अग्रवाल), ग्राम–मांजा, तहसील–लखनपुर, जिला–सरगुजा (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1789)**

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 227127/2021, दिनांक 01/09/2021।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह प्रस्तावित साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–मांजा, तहसील–लखनपुर, जिला–सरगुजा स्थित खसरा क्रमांक 217/35, कुल क्षेत्रफल–1.659 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–16,350.05 टन प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 18/01/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**बैठक का विवरण –**

**(अ) समिति की 396वीं बैठक दिनांक 25/01/2022:**

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री शुभम अग्रवाल उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:–** इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत मांजा का दिनांक 19/06/2020 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

3. **उत्खनन योजना** – क्वारी प्लान, इन्व्हायरोमेंट मैनेजमेंट प्लान एंड क्वारी क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (ख.प्र.), जिला–रायगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 1210/ख.लि–2/2021 रायगढ़, दिनांक 18/06/2021 द्वारा अनुमोदित है।

4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–सरगुजा के ज्ञापन क्रमांक 1350/खनिज/खलि.3/2021 अम्बिकापुर दिनांक 02/08/2021 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 4 खदानें, क्षेत्रफल 3.315 हेक्टेयर है। प्रस्तुतीकरण के दौरान गूगल मैप से लीज क्षेत्र को देखने पर आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर प्रस्तुत खदानों के अलावा एक अन्य खदान पाया गया है, परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि वह एक बंद खदान है। अतः उक्त का उल्लेख करते हुए कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) द्वारा जारी 500 मीटर प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाए** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–सरगुजा के ज्ञापन क्रमांक/1222/खनिज/खलि.3/2021 अम्बिकापुर, दिनांक 05/07/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, एनीकट, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है। रेहर नदी 160 मीटर की दूरी पर है।

6. **भूमि एवं एल.ओ.आई. संबंधी विवरण** – भूमि आवेदक के नाम पर है। एल.ओ.आई. कार्यालय कलेक्टर सरगुजा (खनिज शाखा), अम्बिकापुर के ज्ञापन क्रमांक 102/खनिज/ख.लि.1/न.क्र.07/2020 अम्बिकापुर, दिनांक 15/01/2021 द्वारा जारी की गई, जिसकी वैधता जारी दिनांक से 1 वर्ष की अवधि तक थी। एल.ओ.आई. की वैधता वृद्धि संबंधी जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

7. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सरगुजा वनमण्डल, अम्बिकापुर के ज्ञापन क्रमांक/तक.अधि./2850 अम्बिकापुर, दिनांक 06/10/2020 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र निकटतम वन क्षेत्र से 1.5 कि.मी. की दूरी पर है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–मोहनपुर 1 कि.मी. एवं स्कूल ग्राम–मोहनपुर 1 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 4 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 4 कि.मी. दूर है।

10. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनन संपदा एवं खनन का विवरण** – जियोलॉजिकल रिजर्व 2,15,670 टन, माईनेबल रिजर्व 1,41,884 टन एवं रिकव्हरेबल रिजर्व 1,27,696 टन है। लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 4,637 वर्गमीटर है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाईज्ड विधि से उत्खनन किया जाएगा। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 6 मीटर है। लीज क्षेत्र में ऊपरी मिट्टी की मोटाई 1 मीटर है तथा कुल मात्रा 11,953 घनमीटर है। इस मिट्टी को सीमा पट्टी (7.5 मीटर) में फैलाकर वृक्षारोपण एवं लगी हुई भूमि में रखरखाव के लिए उपयोग किया जाएगा। बेंच की ऊंचाई 3 मीटर एवं चौड़ाई 3 मीटर है। खदान की संभावित आयु 10 वर्ष है। लीज क्षेत्र में क्रशर स्थापित नहीं किया जाएगा। जैक हैमर से ड्रिलिंग एवं कंट्रोल ब्लास्टिंग किया जाएगा। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाएगा। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:–

| वर्ष | प्रस्तावित उत्खनन (टन) |
|---|---|
| प्रथम | 16,350.05 |
| द्वितीय | 16,350.05 |
| तृतीय | 16,350.05 |
| चतुर्थ | 16,350.05 |
| पंचम | 16,350.05 |

12. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 4 घनमीटर प्रतिदिन होगी। खदान में विभिन्न क्रियाकलापों (जल छिड़काव, वृक्षारोपण) एवं पेयजल की आपूर्ति ट्यूब वेल के माध्यम से की जाएगी। इस बाबत् अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

